# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
CIN No. - L40101HR1975GOI032564

विज्ञापन सं.: एनएच/भर्ती/05/2023-24

## अपने जुनून की खोज करें ............ हमारे साथ अपना करियर बनाएं

### एनएचपीसी और उसके संयुक्त उद्यम (एनएचडीसी लिमिटेड ) के लिए यूजीसी नेट दिसम्बर-2023/जून-2024, क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)-२०२४ तथा एमबीबीएस स्कोर के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन), प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क), प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की भर्ती

1975 में स्थापित एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार का नवरत्न उद्यम है। एनएचपीसी की इंजीनियरिंग दक्षता और विशेषज्ञता इसे भारत और पड़ोसी देशों में जलविद्युत विकास के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर रखती है। 3 जलविद्युत परियोजनाओं के साथ मामूली शुरुआत से, 31,अक्टूबर 2024 की स्थिति के अनुसार एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7232.90 मेगावाट है, जिसमें संयुक्त उद्यम में 1681.70 मेगावाट शामिल है, जिसमें 22 जल विद्युत स्टेशनों से 6971.20 मेगावाट, पाँच सौर ऊर्जा परियोजना से 211.70 मेगावाट और पवन ऊर्जा परियोजना से 50 मेगावाट शामिल हैं। एनएचपीसी का 6971.20 मेगावाट का हाइड्रो शेयर देश की कुल स्थापित जल विद्युत क्षमता 46928.17 मेगावाट का लगभग 14.85% है।

एनएचपीसी अपनी संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों सहित वर्तमान में कुल 10604 मेगावाट संस्थापित क्षमता की 15 परियोजनाओं के निर्माण में लगी हुई है, जिसमें तीन जलविद्युत परियोजनाएं अर्थात अरुणाचल प्रदेश में सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मेगावाट) , दिबांग बहु उद्देशीय परियोजना ( 2880 मेगावाट ) एवं हिमाचल प्रदेश में पार्वती-II जल विद्युत परियोजना (800 मेगावाट) साथ ही पाँच सौर परियोजनाएं एमएनआरई सीपीएसयू योजना के तहत कुल 1000 मेगावाट सौर परियोजनाएं जिसमे गुजरात(600 मेगावाट), राजस्थान (300 मेगावाट) और आंध्र प्रदेश(100 मेगावाट) में, 40 मेगावाट गंजम उड़ीसा मे, 50 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर वेस्ट कल्लाडा केरल में तथा 200 मेगावाट ग्रिड कन्नेक्टेड खवाड़ा स्टेज-I गुजरात में एनएचपीसी द्वारा निष्पादित की जा रही हैं। जबकि छह पनबिजली परियोजनाएं और एक सौर परियोजनाएं एनएचपीसी की सहायक कंपनियों अर्थात् सीवीपीपीएल द्वारा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में पाकल दुल जलविद्युत परियोजना (1000 मेगावाट), कीरू जलविद्युत परियोजना (624 मेगावाट) और क्वार जलविद्युत परियोजना (540 मेगावाट), आरएचपीसीएल द्वारा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में रातले जलविद्युत परियोजना (850 मेगावाट), एलटीएचपीएल द्वारा सिक्किम में तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) और जेपीसीएल द्वारा सिक्किम में रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (120 मेगावाट)।

इसके अतिरिक्त, कुल 4491 मेगावाट संस्थापित क्षमता वाली 10 परियोजनाएं स्वीकृति लंबित चरण में हैं, जिसमें एनएचपीसी द्वारा स्वयं की चार जलविद्युत एवं दो सोलर परियोजनाएं और संयुक्त उद्यम मोड में चार परियोजनाएं (1 हाइड्रो और 3 सौर में) शामिल हैं। इसके अलावा, कुल 9255 मेगावाट संस्थापित क्षमता की पाँच जलविद्युत परियोजनाएं एवं चार पम्प स्टोरेज परियोजना , सर्वेक्षण और अन्वेषण चरण में हैं।

एनएचपीसी ने पिछले वर्ष के ₹ 3,833.79 करोड़ की तुलना में एकल आधार पर ₹ 3,743.94 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) हासिल कर मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया। वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कुल आय ₹ 10,024.99 करोड़ थी। परिचालन से राजस्व ₹8,404.92 करोड़ रहा।

एनएचडीसी लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उद्यम) का पूर्व नाम नर्मदा हाइड्रोइलेक्ट्रिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड था। इसकी स्थापना 01 अगस्त 2000 को की गई थी। इसका कॉर्पोरेट कार्यालय भोपाल में स्थित है। एनएचडीसी के बारे में और अधिक जानने के लिए, हमारी वेबसाइट www.nhdcindia.com पर आपका सदैव स्वागत है।

एनएचपीसी ज्ञानार्जन और कैरियर में प्रगति के लिए रोमांचक अवसर एवं चुनौतियाँ प्रदान करती है। कंपनी उत्कृष्ट कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ आकर्षक प्रतिपूर्ति पैकेज प्रदान करती हैं। कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में उच्चतम उन्नति को प्राप्त करने के लिए संगठन में निम्नलिखित पदों के लिए अच्छे शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित उच्च प्रदर्शन करने वाले, ऊर्जावान, उपलब्धि–उन्मुख युवा अधिकारियों की खोज कर रही है ।

## सारणी 1–ए

| क्रम सं. | पद/ग्रेड/वेतनमान/ 30-12-2024 तक अधिकतम आयु | न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन)/(ई2)/ ₹ 50,000-3%-1,60,000 (आईडीए) / 30 वर्ष | दो वर्षीय पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातकोत्तर कार्यक्रम मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ मानव संसाधन प्रबंधन/मानव संसाधन प्रबंधन और श्रमिक संबंध/औद्योगिक संबंध/कार्मिक प्रबंधन/कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध/औद्योगिक संबंध और कार्मिक प्रबंधन में **अथवा**<br>मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से दो वर्षीय पूर्णकालिक नियमित रूप से सामाजिक कार्य में परास्नातक डिग्री कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में विशेषज्ञता के साथ। **अथवा**<br>मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से मानव संसाधन और संगठनात्मक विकास (एमएचआरओडी) में पूर्णकालिक नियमित रूप से दो वर्षीय परास्नातक डिग्री।<br>**अथवा**<br>मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से मुख्य विषय के रूप में मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ पूर्णकालिक नियमित दो वर्षीय एमबीए।<br>अभ्यर्थी को परास्नातक डिग्री या पीजी डिप्लोमा/प्रोग्राम में न्यूनतम 60% अंक या समतुल्य ग्रेड से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| 2. | प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क) / (ई2) / ₹ 50,000-3%-1,60,000 (आईडीए) / 30 वर्ष | एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान/मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से कम्युनिकेशन/मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज्म/पब्लिक रिलेशन में योग्यता का पूर्णकालिक नियमित दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा<br>अभ्यर्थी को परास्नातक डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा में न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करना चाहिए। |
| 3. | प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) / (ई2) / ₹ 50,000-3%-1,60,000 (आईडीए) / 30 वर्ष | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों या समतुल्य ग्रेड के साथ पूर्णकालिक नियमित रूप से विधि में स्नातक डिग्री (प्रोफेशनल) (3 वर्ष एलएलबी या 5 वर्ष का इंटीग्रेटेड कोर्स)। |
| 4. | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी / (ई3) / ₹ 60,000-3%-1,80,000 (आईडीए) / 35 वर्ष | वैध पंजीकरण के साथ एमबीबीएस डिग्री। उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं।<br>**अनुभवः** सरकारी/पीएसयू या प्रतिष्ठित/प्रमुख अस्पतालों/संगठनों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों में डॉक्टर के रूप में प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) के बाद दो वर्ष का अनुभव दिनांक 30.12.2024 तक |

## सारणी 1–बी

| क्र. सं. | पद का नाम | कंपनी | रिक्तियों की संख्या | | | | | | निम्नलिखित उप-श्रेणियों में पीडबल्यूबीडी द्वारा रखे जाने के लिए उपयुक्त पद की पहचान की गई है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूआर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | कुल | |
| 1 | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) | एनएचपीसी सीवाईवी | 25 | 08 | 16 | 09 | 06 | 64 | **श्रेणी ए**–(बी,एलवी), **श्रेणी बी**–(डी, एचएच), **श्रेणी सी**–(ओए,बीए,ओएल, ओएएल, सीपी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ), **श्रेणी डी**–(एएसडी & एसएलडी, एमआई), **श्रेणी ई**–(एमडी जिसमें ए से डी का संयोजन शामिल है) |
| | | एनएचपीसी बीएल | 00 | 00 | 00 | 01* | 00 | 01 | |
| | | एनएचडीसी सीवाईवी | 04 | 01 | 00 | 01 | 00 | 06 | |
| 2 | प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क) | एनएचपीसी सीवाईवी | 07 | 01 | 01 | 00 | 01 | 10 | **श्रेणी ए**–(बी,एलवी), **श्रेणी सी**–(ओए, बीए, ओएल, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ), **श्रेणी डी**–(एसएलडी), **श्रेणी ई**–(एमडी जिसमें ए, सी और डी का संयोजन शामिल है) |
| 3 | प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) | एनएचपीसी सीवाईवी | 05 | 01 | 04 | 01 | 01 | 12 | **श्रेणी ए**–(बी,एलवी), **श्रेणी बी**–(एचएच), **श्रेणी सी**–(ओएल, ओए, बीए, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ), **श्रेणी डी**–(एसएलडी), **श्रेणी ई**–(एमडी जिसमें ए से डी का संयोजन शामिल है) |
| 4 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | एनएचपीसी सीवाईवी | 12 | 02 | 02 | 03 | 02 | 21 | **श्रेणी–'सी'**–(ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, एलसी, डीडबल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी शिथिलता के एसडी/एसआई, संबंधित अंग संबंधी शिथिलता के साथ। **श्रेणी–'डी'**–एसएलडी **श्रेणी–'ई'**–एमडी जिसमें सी से डी का संयोजन शामिल है। |
| | | एनएचपीसी बीएल | 00 | 00 | 01** | 00 | 00 | 01 | |
| | | एनएचडीसी सीवाईवी | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | |
| | कुल | | **56** | **13** | **24** | **15** | **10** | **118** | |

**सीवाईवी** – वर्तमान वर्ष की रिक्तियाँ, **बीएल** – बैकलॉग रिक्तियाँ (* विज्ञापन संख्या एनएच/भर्ती/02/2022 की बैकलॉग रिक्ति। ** विज्ञापन संख्या एनएच/भर्ती/02/2021 की बैकलॉग रिक्ति।)

## सारणी 1–सी

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | | | | | | निम्नलिखित उपश्रेणियों में पीडबल्यूबीडी की पहचानी गई विकलांगता के लिए पद आरक्षित है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | श्रेणी | श्रेणी ए | श्रेणी बी | श्रेणी सी | श्रेणी डीएंडई | कुल | |
| 1 | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) | ई–2 | 01 | 02 | 00 | 00 | 03 | **श्रेणी ए**–(बी,एलवी), **श्रेणी बी**–(डी, एचएच), |
| 2 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | ई–3 | 00 | 00 | 01^ | 01 | 02 | **श्रेणी–'सी'**–(ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, एलसी, डीडबल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी शिथिलता के एसडी/एसआई, संबंधित अंग संबंधी शिथिलता के साथ। **श्रेणी–'डी'**–एसएलडी **श्रेणी–'ई'**–एमडी जिसमें सी से डी का संयोजन शामिल है। |

^ विज्ञापन संख्या एनएच/भर्ती/02/2021 की बैकलॉग रिक्ति। NHDC लिमिटेड (JV) के लिए कोई PwBD सीटें आरक्षित नहीं हैं

दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा उनके लिए श्रेणी/श्रेणियों में चिन्हित रिक्तियों (जैसा कि ऊपर तालिका 1–बी में दर्शाया गया है) में भी आवेदन किया जा सकता है, भले ही उनके लिए कोई रिक्तियां विशेष रूप से आरक्षित न हों। बशर्ते वे उस श्रेणी ((अर्थात सामान्य/ईडबल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)) से संबंधित हो जिसके लिए रिक्तियाँ आरक्षित की गयी है। ऐसे अभ्यर्थी को पद पर नियुक्ति हेतु संबंधित श्रेणी अर्थात अर्थात सामान्य/ईडबल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल) की मेरिट के सामान्य मानक के अनुसार चयन के लिए विचार किया जाएगा।

पीडबल्यूबीडी के लिए आरक्षित पदों के लिए (तालिका 1–सी के अनुसार), आरक्षित पीडबल्यूबीडी पद के लिए पहचाने गए प्रासंगिक बेंचमार्क विकलांगता वाले किसी भी श्रेणी (यानी जनरल/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल)/एससी/एसटी) से संबंधित उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। यदि विज्ञापन संख्या एनएच/भर्ती/02/2021 के आगे बढ़ाये गये आरक्षण हेतु संबंधित बेंचमार्क दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो अन्य बेंचमार्क दिव्यांगताओं के पहचान किए गए पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थी को उपयुक्त बेंचमार्क दिव्यांगताओं के मध्य श्रेणी से अदला–बदली द्वारा विचार किया जा सकता है और यदि बेंचमार्क दिव्यांगताओं के आदान–प्रदान के बाद भी कोई उपयुक्त पीडबल्यूबीडी व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो आगे ले जाए गए आरक्षण के अंतर्गत रिक्ति को भारत सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा भरा जाना चाहिए।

पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए विशेष रूप से आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने पर वे आरक्षण/ रियायतों के लाभ के लिए पात्र होंगे, यदि उनकी असमर्थता प्रासंगिक दिव्यांगता के 40% से कम नहीं है।

**टिप्पणी** : बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) रिक्तियों वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण क्षैतिज है।

**प्रयुक्त श्रेणी के संक्षिप्ताक्षर:** बी=दृष्टिहीन, एलवी=कम दृष्टि, डी=बधिर, एचएच=सुनने में कठिनाई, ओए=एक हाथ, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों हाथ, बीएल=दोनों पैर, ओएएल=एक हाथ और एक पैर , बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनों पैर हाथ, सीपी=सेरेब्रल पाल्सी, एलसी=ठीक हुआ कुष्ठ रोग, डीडब्ल्यू=बौनापन, एएवी=एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई=मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, एएसडी=ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम=हल्का, एमओडी=मध्यम), आईडी=बौद्धिक विकलांगता, एसएलडी=विशिष्ट सीखने की विकलांगता, एमआई=मानसिक बीमारी, एमडी=बहु–विकलांगता, रीढ़ की हड्डी में विकृति (एसडी)/बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग की शिथिलता के रीढ़ की हड्डी में चोट (एसआई) या रीढ़ की हड्डी में विकृति (एसडी)/संबंधित अंगों की शिथिलता के साथ रीढ़ की हड्डी में चोट (एसआई)।

**प्रतिफल पैकेज:**

कंपनी समय–समय पर कंपनी के लागू नियमावली के अनुसार मूल वेतन, महंगाई भत्ता, एचआरए, कैफेटेरिया भत्ता, कार्यनिष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी), चिकित्सा सुविधा, पीएफ, पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा के लाभ, ग्रेच्युटी आदि सहित आकर्षक प्रतिफल पैकेज प्रदान करती है ।

- प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन), प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क), प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष के प्रशिक्षण अवधि के दौरान रु 50,000–3%–1,60,000 रुपए (आईडीए) (ई2) के वेतनमान में रखा जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर अभ्यर्थियों को उसी वेतनमान में एक वर्ष की परिवीक्षा के साथ अधिकारी के रूप में समाहित किया जाएगा। नए कार्यभार ग्रहण करने वाले कार्मिक की कुल वार्षिक परिलब्धियाँ लगभग 15 लाख रूपए होगी।
- वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई–3) के पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों को रु 60,000–3%–1,80,000 (आईडीए) (ई–3) के वेतनमान में रखा जाएगा और वह कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 01 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। नए कार्यभार ग्रहण करने वाले कार्मिक की कुल वार्षिक परिलब्धियाँ लगभग 26 लाख रुपए होंगी।

**तैनाती:**

अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार एनएचपीसी के संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों सहित देश के विभिन्न स्थानों या विदेश में स्थित परियोजनाओं/पावर स्टेशनों/कार्यालयों में तैनात किया जाएगा ।

**चयन की प्रक्रिया:**

क) चयन प्रक्रिया में यूजीसी नेट दिसंबर–2023/जून–2024/क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024/एमबीबीएस अंकों का कुल प्रतिशत, ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के संबंधित पेपर में प्राप्त अंक शामिल हैं।

ख) प्रशिक्षु अधिकारियों के पद के लिए योग्य अभ्यर्थी को यूजीसी नेट दिसंबर–2023/जून–2024/क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024 के संबंधित पेपर में अर्हता प्राप्त होनी चाहिए और वैध स्कोर प्राप्त होना चाहिए।

ग) टीओ (एचआर) और टीओ (पीआर) पद के लिए, जिन उम्मीदवारों के पास वैध यूजीसी नेट दिसंबर–23 और/या यूजीसी नेट जून–2024 स्कोर है, वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं। यदि उम्मीदवार यूजीसी नेट दिसंबर–23 और/या यूजीसी नेट जून–2024 दोनों परीक्षाओं में उपस्थित हुए हैं, तो उम्मीदवारों को यूजीसी नेट दिसंबर–23 और यूजीसी नेट जून–2024 में से जो सर्वश्रेष्ठ स्कोर हो उसे दर्ज कराना होगा। अतः, सर्वोत्तम स्कोर दर्ज कराने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। केवल उम्मीदवार द्वारा दर्ज किए गए स्कोर का उपयोग आगे की चयन प्रक्रिया हेतु शॉर्टलिस्ट करने के लिए उपयोग मे लाया जाएगा। बाद के चरण में स्कोर बदलने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

घ) प्रशिक्षु अधिकारियों के पद के लिए अभ्यर्थियों को ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए यूजीसी नेट दिसंबर–2023/जून–2024/सीएलएटी (पीजी)–2024/एमबीबीएस के कुल अंकों के प्रतिशत के आधार पर और तय किए गए मानदंडों के अनुसार शॉर्ट–लिस्ट किया जाएगा। प्रबंधन द्वारा (रिक्ति के 05 गुना से अधिक नहीं)

ङ) ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्रुप डिस्कशन/व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए एक सहमति फॉर्म जमा करना आवश्यक होगा। सहमति फॉर्म जमा न करने और ग्रुप डिस्कशन/व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित न होने पर उसकी अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के दौरान अपने ग्रुप डिस्कशन/व्यक्तिगत साक्षात्कार कॉल लेटर में उल्लिखित दस्तावेजों को लाना आवश्यक होगा।

च) पैनल में सम्मिलित किए जाने हेतु चयन के लिए विभिन्न मापदंड:

**टीओ(एचआर), टीओ(पीआर) एवं टीओ(विधि) के लिए**

पैनल में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी के अंतिम स्कोर की गणना के लिए, यूजीसी नेट दिसंबर 2023 / जून–2024 / क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024, व्यक्तिगत साक्षात्कार और ग्रुप डिस्कशन में प्राप्त अंकों का भारांक इस प्रकार है:

| मापदंड | भारांक |
|---|---|
| यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024 स्कोर | 75% |
| व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं ग्रुप डिस्कशन का संयुक्त स्कोर | 25% |

* ग्रुप डिस्कशन के लिए कोई कट ऑफ या योग्यता अंक नहीं होंगे

ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ऑनलाइन / ऑफ़लाइन साइकोमेट्रिक मूल्यांकन से गुजरना पड़ सकता है, जिसके परिणाम का उपयोग साक्षात्कार के दौरान इनपुट के रूप में किया जाएगा।

पैनल में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करनी होगी। विभिन्न श्रेणियों के लिए ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार में अर्हता का प्रतिशत निम्नलिखित है:

| श्रेणी | ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार का संयुक्त स्कोर |
|---|---|
| अनारक्षित / ईडब्ल्यूएस / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) अभ्यर्थी | 40% |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार | 30% (केवल रिक्तियों के आरक्षण पर निर्भर) |

**वरिष्ठ चिकत्साधिकारी के लिए :**

| क्र. सं. | मानदंड | | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | योग्यता | Marks | 35 |
| | i) एमबीबीएस डिग्री | 25 | |
| | ii) संबंधित क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद पीजी डिग्री | 10 | |
| | iii) संबंधित क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद पीजी डिप्लोमा | 05 | |
| | (एमबीबीएस के बाद अर्जित प्रासंगिक अतिरिक्त योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे) | | |
| 2 | अनुभव | Marks | 35 |
| | i) न्यूनतम अर्हक सेवा (02 वर्ष) | 25 | |
| | ii) अर्हक सेवा अवधि (02 वर्ष) से अधिक अतिरिक्त सेवा (सेवा के प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 10 अंक के अधीन) अनुभव की गणना के लिए 06 माह से कम की सेवा को ध्यान में नहीं रखा जाएगा जबकि 06 माह और उससे अधिक के अनुभव को 01 वर्ष का अनुभव माना जाएगा। | 10 | |
| 3 | ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार | Marks | 30 |
| | सामान्य /ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम अर्हक अंक –अधिकतम अंकों का 40% | 12 | |
| | एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए न्यूनतम अर्हक अंक – अधिकतम अंकों का 30% | 09 | |
| 4 | न्यूनतम कुल अर्हक अंक (100 में से) | | 100 |
| | i) सामान्य/ओबीसी/ईडब्लूएस अभ्यर्थियों के लिए | 62 | |
| | ii) एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए | 59 | |

* ग्रुप डिस्कशन के लिए कोई कट ऑफ या क्वालीफाइंग अंक नहीं होंगे।

व्यक्तिगत साक्षात्कार और ग्रुप डिस्कशन के लिए चुने गए उम्मीदवारों को ऑनलाइन / ऑफ़लाइन साइकोमेट्रिक मूल्यांकन से गुजरना पड़ सकता है, जिसके परिणाम का उपयोग साक्षात्कार के दौरान इनपुट के रूप में किया जाएगा।

च) व्यक्तिगत साक्षात्कार और ग्रुप डिस्कशन के संयुक्त स्कोर में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल होने के लिए उपयुक्त माना जाएगा। प्रशिक्षु अधिकारियों के पद के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि पैनल में शामिल होने के लिए पात्र माने जाने के लिए उम्मीदवारों को यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 और व्यक्तिगत साक्षात्कार और समूह चर्चा के संयुक्त स्कोर में अर्हता प्राप्त होनी चाहिए। कृपया ध्यान दें कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 ही मान्य है। किसी अन्य वर्ष का यूजीसी नेट या क्लैट (पीजी) स्कोर मान्य नहीं है।

छ) उम्मीदवार टीओ (एचआर) और एसएमओ के पद के लिए आवेदन करते समय अभ्यर्थी एनएचपीसी और एनएचडीसी से कंपनी का अपना वरीयता क्रम (पहली और दूसरी वरीयता) इंगित करेंगे।

ज) अभ्यर्थियों को एनएचपीसी और एनएचडीसी के लिए प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) एवं एसएमओ के पद हेतु अलग अलग पैनलबद्ध न करते हुए कुल रिक्तियों के आधार पर पैनलबद्ध किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करते समय दिए गए विकल्प / वरीयता के आधार पर पैनलबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

झ) प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) एवं एसएमओ के पद के लिए जब किसी अभ्यर्थी को उपलब्ध रिक्तियों और उसकी पहली या दूसरी प्राथमिकता के आधार पर एनएचपीसी या एनएचडीसी से नियुक्ति प्रस्ताव मिलता है, तो अन्य संगठन के लिए उसकी अभ्यर्थता स्वतः रूप से रद्द मानी जाएगी, भले ही वह प्रस्ताव को अस्वीकार कर दे / संगठन में शामिल न हो। अभ्यर्थी को रिक्तियों की संख्या और समग्र योग्यता में रैंक के आधार पर एनएचपीसी या एनएचडीसी (जैसा लागू हो) के लिए प्रस्ताव जारी किया जाता है। यदि अभ्यर्थी एनएचपीसी या एनएचडीसी (जैसा लागू हो) में शामिल नहीं होना चाहता या प्रस्ताव को अस्वीकार करता है तो जारी किया गया प्रस्ताव वापस ले लिया जाएगा और रद्द कर दिया जाएगा। कंपनी / संगठन में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ञ) चयन मानदंड में उल्लिखित संबंधित श्रेणियों के लिए प्राप्त किये गये न्यूनतम कुल योग्यता अंक अभ्यर्थियों को अंतिम चयन के लिए कोई अधिकार या दावा प्रदान नहीं करते है, क्योंकि यह पदों की संख्या, आरक्षण की स्थिति, प्रत्येक श्रेणी के लिए सापेक्ष समग्र मेरिट योग्यता, अधिसूचित पात्रता मानदंड / अन्य मापदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी , सत्यापन के बाद सही पाए गए दस्तावेज़ और विज्ञापन में निर्दिष्ट अन्य शर्तों से संबंधित है।

ट) यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो पहले की जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी (आयु में बड़े) को मेरिट सूची में लेने पर विचार किया जाएगा।

ठ) उपयुक्त अभ्यर्थियों को श्रेणीवार मेरिट के क्रम में और आवश्यकता के आधार पर नियुक्ति का प्रस्ताव जारी किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

## सारणी 1–डी

| क्र. सं. | पदनाम | अर्हता परीक्षा | संगत यूजीसी नेट / सीएलएटी प्रश्नपत्र कोड |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) | यूजीसी नेट दिसंबर 2023 / जून–2024 / | विषय कोड – 55 (श्रम कल्याण / कार्मिक प्रबंधन / औद्योगिक संबंध / श्रम और सामाजिक कल्याण / मानव संसाधन प्रबंधन) |
| 2. | प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क) | यूजीसी नेट दिसंबर 2023 / जून–2024 / | विषय कोड 63 – (जनसंचार और पत्रकारिता) |
| 3. | प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) | क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024 | प्रशिक्षु अधिकारी (सीएलएटी) (पीजी)–2024 |

**<u>आरक्षण और छूट :</u>**

1 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर) / पीडब्ल्यूबीडी (दिव्यांगता का स्तर 40% या इससे अधिक) के लिए आरक्षण सरकार के मानकों और निदेशों के अनुसार होगा।

2 एससी / एसटी / पीडब्ल्यूबीडी / महिला / एक्स सर्विसमेन श्रेणी के अभ्यर्थियों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

3 ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, ओबीसी रियायत के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी "सामान्य" के रूप में इंगित करनी होगी। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के समय, यदि इसके लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित प्रमाणपत्र (नवीनतम) जमा करना आवश्यक है। प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तारीख से 06 महीने के भीतर जारी किया जाना चाहिए।

4 प्रशिक्षु अधिकारियों के पद के लिए अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी (बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति) अभ्यर्थी अर्हता परीक्षा में 50% अंक प्राप्त होने पर आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

5 अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष, अन्य पिछड़े वर्ग(नॉन–क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–सामान्य के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–ओबीसी के लिए 13 वर्ष तथा पीडब्ल्यूबीडी – अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 15 वर्ष की छूट दी जा सकती है।

6 अधिकतम आयु सीमा में उन अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जिन्होंने 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान सामान्यतः जम्मू एवं कश्मीर राज्य में निवास किया है।

7 एक्स सर्विसमेन के लिए आयु में छूट सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार दी जाएगी।

8 एससी / एसटी / ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर) / दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) (विकलांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक) के रूप में आरक्षण पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को, जाति दर्शाने वाला वह अधिनियम / आदेश जिसके तहत जाति को एससी / एसटी / ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर) के रूप में मान्यता दी गई है और अभ्यर्थी मूलतः जिस गांव / शहर का निवासी है, निर्धारित प्रोफार्मा में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा जो केवल भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए मान्य होता है।

9 ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को ही आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि माना जाएगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग कार्यालय के ज्ञापन संख्या 36039 / 1 / 2019–एएसटी (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है।

**सेवा करार / प्रतिभू बंध–पत्र:**

प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन), प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क), प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि सहित कंपनी की सेवा में न्यूनतम चार वर्षों की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के आशय का सेवा करार / प्रतिभू बंध–पत्र निष्पादित करना अपेक्षित होगा। बांड की राशि सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों के लिए रु 4,00,000 / – भारतीय रुपए और लागू जीएसटी और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए रु 2,00,000 / – भारतीय रुपए लागू जीएसटी है ।

**आवेदन कैसे करें :**

1. केवल वे अभ्यर्थी जिनके पास यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 / एमबीबीएस डिग्री की पंजीकरण संख्या के साथ यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 / एमबीबीएस डिग्री का वैध स्कोर है, वे विज्ञापन संख्या एनएच / भर्ती / 05 / 2023–24 के लिए एनएचपीसी की वेबसाइट www.nhpcindia.com पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।
2. अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे उपयुक्त पद के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पहले आयु / शैक्षिक योग्यता और अन्य पात्रता मानदंडों के विवरणों के बारे में जानने के लिए पूरा विज्ञापन ध्यान से पढ़ें।
3. यूआर / ईडब्ल्यूएस / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 600 / – रुपए और लागू कर (अर्थात, 708 / – रुपये) की अप्रतिदेय शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना अपेक्षित है। जीएसटी (यदि कोई हो) सहित बैंक प्रभार / प्रसंस्करण प्रभार अतिरिक्त होगा और यह राशि अभ्यर्थी द्वारा वहन की जाएगी । अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व आवेदन फॉर्म से संबंधित अपनी पात्रता एवं सूचना की सटीकता का सत्यापन कर लें।
4. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी / महिलाएं / भूतपूर्व सैनिकों के श्रेणी के अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
5. अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / क्लैट (सीएलएटी)(पीजी)–2024 / एमबीबीएस डिग्री पंजीकरण संख्या सहित सही जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें। इसे भरने के बाद, सिस्टम एक यूनिक पंजीकरण संख्या जेनरेट करेगा।
6. अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए शीर्षक "आवेदन करने के चरण" के अंतर्गत चरण संख्या 4 में दिए गए विवरण के अनुसार जेपीईजी फॉर्मेट में पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर (50 केबी आकार और 25 केबी आकार) के साथ एक अलग फाइल में 100 से 400 केबी तक प्रत्येक पीडीएफ फॉर्मेट में अपने प्रमाण–पत्रों की स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखनी चाहिए। प्रमाण–पत्रों की स्कैन की गई प्रतियां पठनीय होनी चाहिए अन्यथा अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा।
7. अभ्यर्थी समय 1000 बजे 09 दिसम्बर, 2024 से 1700 बजे 30 दिसम्बर, 2024 तक ऑनलाइन पंजीकरण साइट को विजिट कर सकते हैं।

**आवेदन करने के चरण :**

चरण–1: www.nhpcindia.com को लॉग ऑन करें और कैरियर टैब पर क्लिक करें।
चरण–2: वेबसाइट पर दिए गए सभी अनुदेशों को पढ़ें।
चरण–3: सुसंगत ब्यौरों के साथ ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें और उसे जमा करें।
चरण–4: ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा संलग्न करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां तैयार रखें।

a) जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में माध्यमिक / सेकेंडरी स्कूल का प्रमाण–पत्र।
b) योग्यता अर्थात इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक (यदि लागू हो) के समर्थन में अंक पत्र / प्रमाण–पत्रों का पूरा सेट।
c) जाति प्रमाण–पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में, सक्षम प्राधिकारी / अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाइन पंजीकरण के समय अन्य पिछड़ा वर्ग (यदि लागू हो) के लिए 06 माह के भीतर जारी होना चाहिए।
d) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)।
e) प्रधानाध्यापक की ओर जारी प्रमाण–पत्र जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि विश्वविद्यालय / संस्थान, जहां से अभ्यर्थी ने स्नातक / परास्नातक डिग्री प्राप्त की है, द्वारा प्रमाणित पूर्णकालिक / नियमित आधार पर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है।
f) अंकों के प्रतिशत से ग्रेडों / सीजीपीए को परिवर्तन हेतु प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय / संस्थान जहां से उसने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।
g) यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 की प्रति।
h) सूचित की गई चिकित्सीय बीमारियों / कमियों / असामान्यताओं और किसी भी सरकारी प्राधिकारी / पीएसयू द्वारा चिकित्सा परीक्षण के दौरान अयोग्य घोषित किए जाने से संबंधित घोषणा। (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)
I) किसी भी लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में बैठने से गिरफ्तारी / अभियोजन / हिरासत / दोषी / विवर्जित / अयोग्य घोषित करने से संबंधित घोषणा। (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)
j) नाम में परिवर्तन का वैध प्रमाण (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)
k) एमबीबीएस डिग्री प्रमाण पत्र की प्रति, जैसा भी लागू हो।
l) अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति। (सभी अनुभव प्रमाण पत्र को एक ही दस्तावेज़ के रूप में संलग्न करें।
m) प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) प्रमाण पत्र की प्रति।
n) सशस्त्र बल में सेवारत कर्मचारियों के लिए प्रमाणपत्र का प्रारूप। (एफ़एक्यू देखे)
o) पूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत सिविल पदों के लिए आवेदन करने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला घोषणापत्र।(एफ़एक्यू देखे)
p) देश से बाहर के विश्वविद्यालयों / संस्थानों से योग्यता प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए एमसीआई / एनएमसी से एमबीबीएस अर्हत परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र।

चरण–5: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अलग दिए गए स्थान में अपने प्रमाण–पत्रों की स्कैन की हुई प्रतियां अपलोड करें।
चरण–6: भविष्य में संदर्भ के लिए प्रणाली द्वारा जेनरेट की गई पंजीकरण पर्ची / आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेकर रख लें।

यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024 / एमबीबीएस डिग्री के अवैध पंजीकरण संख्या के साथ पंजीकृत आवेदन सीधे तौर पर निरस्त कर दिये जायेंगे। अपूर्ण दस्तावेजों वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें निरस्त कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज / प्रमाणपत्र अथवा पंजीकरण स्लिप / आवेदन का प्रिन्टआउट डाक के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं है।

**मेडिकल फिटनेस :**

एनएचपीसी / एनएचडीसी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए।

**घोषणा करने का दायित्व**

क) ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने बीमारियों, कमियों या असामान्यताओं की सूचना दी है और ऐसे अभ्यर्थी जो ऊपर दिए गए शारीरिक स्वस्थता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं उन्हें अपना आवेदन जमा करते समय इस आशय की घोषणा करनी होगी। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ख) किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण या किसी अन्य पीएसयू द्वारा चिकित्सा परीक्षण के दौरान किसी पद के लिए अस्वस्थ पाए गए अभ्यर्थी को "अस्वस्थ" घोषित किए जाने के कारणों के साथ अपनी चिकित्सीय स्थिति घोषित करनी होगी। यदि ऐसे अभ्यर्थी एनएचपीसी में नियुक्ति / रोज़गार के लिए आवेदन करता है, तो ऐसी जानकारी को छिपाने से उसकी अभ्यर्थता निरस्त किए जाने के लिए उत्तरदायी हो सकती है। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ग) गिरफ्तार किए जाने , मुकदमा चलाए जाने, हिरासत में रखे जाने या जुर्माना लगाए जाने, किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए जाने, किसी लोक सेवा आयोग द्वारा उसकी परीक्षा में बैठने से विवर्जित / अयोग्य घोषित किए जाने के मामलों में अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से इस आशय की घोषणा करनी होगी। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

**सामान्य जानकारी और अनुदेश:**

01 केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

02 प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में विज्ञापन संख्या एनएच / भर्ती / 05 / 2023–24 के तहत कंपनी में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 में उपस्थित होना चाहिए और उनके पास वैध यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / सीएलएटी (पीजी)–2024 स्कोरकार्ड होना चाहिए। एसएमओ पद के लिए उम्मीदवार के पास एमबीबीएस डिग्री का वैध प्रमाण पत्र होना चाहिए। अंतिम वर्ष के छात्र आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

03 प्रशिक्षु अधिकारियों के पद के लिए इस भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल यूजीसी नेट दिसंबर–2023 / जून–2024 / क्लैट (सीएलएटी) (पीजी)–2024 मान्य है। किसी अन्य वर्ष का यूजीसी नेट / क्लैट (सीएलएटी) (पीजी) स्कोर मान्य नहीं है।

04 एसएमओ के पद के लिए सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। हालाँकि, विदेशी संस्थानों/ विश्वविद्यालयों से प्राप्त योग्यताओं के मामले में, इसे भारतीय संस्थानों/ विश्वविद्यालयों द्वारा दी जाने वाली योग्यताओं के बराबर माना जाएगा, बशर्ते कि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से ऐसी योग्यताओं के लिए समकक्ष प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम हों और उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया / एनएमसी से योग्यता परीक्षा। एमबीबीएस की डिग्री अनिवार्य रूप से यूजीसी / मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत होनी चाहिए।

05 एसएमओ के पद के लिए, उम्मीदवारों को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया / एनएमसी / स्टेट मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण संख्या प्राप्त करनी चाहिए।

06 आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि उनके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार किसी अभ्यर्थी को शार्टलिस्ट किया जाता है और वह उन मानदंडों को पूरा नहीं करता / करती हैं, तो उसे कंपनी में पदभार ग्रहण करने अथवा जीडी / पीआई प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

07 एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रेणी (एससी / एसटी / ओबीसी(एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी) भरने के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं होगा और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों और ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा नियत किए गए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी अपना अपेक्षित जाति / जनजाति / ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है।

08 अभ्यर्थी को संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा किसी विशेष सेमेस्टर / वर्ष के लिए दिए गए वेटेज पर ध्यान दिए बिना सभी सेमेस्टरों / वर्षों का औसत लेकर पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता में अपेक्षित अंक / ग्रेड प्राप्त करना अपेक्षित है।

09 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को तारीख, समय और स्थान के विवरण के साथ जीडी / पीआई कार्यक्रम की सूचना केवल ई–मेल के माध्यम सूचित की जाएगी।

10 जीडी / पीआई का स्थान और स्थल जीडी / पीआई के लिए जारी संप्रेषण के माध्यम से बताया जाएगा। जीडी / पीआई के स्थान और स्थल में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

11 आयु आवश्यकताओं / योग्यता की सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जानी चाहिए।

12 आयु के प्रमाण के समर्थन में एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मैट्रिक / उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु जारी किया गया प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि उल्लिखित हो मान्य होगा।

13 अभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन के अनुरूप आवेदन जमा करने और स्पष्ट रूप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने, मात्र से ही उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

14 जीडी / पीआई में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों को टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे छोटे मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल किराए / साधारण बस के किराए की प्रतिपूर्ति दी जाएगी, बशर्ते कि पूर्ण की गयी यात्रा की दूरी 30 किलोमीटर से कम न हो।

15 किसी भी परिस्थितियों में निर्धारित मानदंडों में छूट के लिए किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

16 अपेक्षित अर्हता वाले आंतरिक अभ्यर्थी भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं । उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन भरने के पहले आंतरिक परिपत्र का अवलोकन करें।

17 अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन आवेदन करें। किसी भी मैनुअल / कागज पर दिए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

18 परिणाम की घोषणा / अंक पत्र जारी करने की तिथि ही योग्यता प्राप्त करने की तिथि मानी जाएगी और इस आधार पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

19 यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई सूचना गलत पाई जाती है अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता संबंधी मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थता भर्ती की प्रक्रिया के किसी चरण में या भर्ती के बाद या पदभार ग्रहण करने के बाद भी समाप्त की जा सकती है।

20 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए अपना ई–मेल आईडी सक्रिय रखें। एक बार दर्ज की गई ई–मेल आईडी को परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियुक्ति प्रस्ताव (यदि चयन होता है) जारी करने सहित भविष्य में सभी पत्राचार ई–मेल के माध्यम से किए जाएंगे। सूचना प्राप्त करना, डाउनलोड करना तथा प्रिंट करना, संचार आदि की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य / गलत ईमेल आईडी के कारण भेजे गए ईमेल के न प्राप्त होने के लिए एनएचपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में, किसी भी पत्राचार के लिए कृपया विषय लाइन में "टीओ (एचआर )" / "टीओ (पीआर )" / "टीओ (विधि)" / "एसएमओ"– <विषय>" के साथ recttcell2010@nhpc.nic.in पर ई–मेल भेजें।

21 सरकारी विभागों / पीएसयू / स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र और इसके साथ संलग्न प्रमाण–पत्रों के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) की स्कैन की हुई प्रति संलग्न करनी होगी। यदि आवेदन पत्र की अंतिम तारीख तक एनओसी तैयार नहीं है, तो वे जीडी / पीआई की तिथि पर एनओसी प्रस्तुत करेंगे। एनओसी नहीं प्रस्तुत कर पाने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

22 वे अभ्यर्थी जो मैट्रिक के बाद विवाह या पुनर्विवाह या तलाक या किसी अन्य आधार पर नाम में परिवर्तन का दावा करता है। (कृपया अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें)

23 पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का तरीका, चयन प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करना आदि से संबंधित सभी मामलों पर प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और यह सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

24 अंग्रेजी को छोड़कर अन्य संस्करण में किसी अस्पष्टता / विवाद की स्थिति में, केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

25 कोई सूचना दिए बिना या कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को रद्द / संशोधित / प्रतिबंधित / विस्तृत / परिवर्तित करने का अधिकार एनएचपीसी के पास सुरक्षित है।

26 आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों में वृद्धि / कमी करने का अधिकार एनएचपीसी के पास होगा।

27 भर्ती प्रक्रिया कंपनी की नीति एवं भर्ती नियमावली के अनुसार की जाएगी।

28 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अनुयाचन करने से, उसकी अभ्यर्थता को अयोग्य ठहरा जाएगा।

29 किसी विवाद की स्थिति में,सक्षम न्यायालय, फरीदाबाद / पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के पास विशिष्ट अधिकारक्षेत्र होंगे।

30 इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / नोटिस आदि, यदि कोई हो, तो इसे केवल www.nhpcindia.com पर उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपडेट के लिए समय–समय पर उपरोक्त वेबसाइट देखें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी भविष्य के संचार / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट www.nhpcindia.com के माध्यम से ही किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

| | | |
|---|---|---|
| क. | ऑनलाइन आवेदन की आरंभ तिथि | 09 दिसम्बर, 2024 (प्रातः 10:00 बजे) |
| ख. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 30 दिसम्बर, 2024 (सांय 05:00 बजे) |

**ऊर्जा भविष्य है... इसे उज्ज्वल बनाएं**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

NHPC_Hindi_(25cm x 76cm)